'कैश सुविधा' – भारतीय उद्यमियों की आर्थिक जीवन रेखा

या

'कैश सुविधा' – भारतीय उद्यमियों के लिए ऋण की अभूतपूर्व सुविधा

–उद्यमियों को भारत में कहीं भी और कभी भी, साल के 365 दिन ऋण आवेदन करने और 72 घंटों' के अंदर की ऋण पाने की सुविधा

नई दिल्ली, 15 जून, 2017

उद्यमियों को अक्सर अचानक पैसे की जरूरत होती है जिसे पूरा करने का अब एक बेजोड़ साधन है – 'कैश सुविधा' जिसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। कैश सुविधा खास कर उन उद्यमियों के लिए वरदान है जिन्हें किसी संस्थान से ऋण लेने की सुविधा नहीं है। कैश सुविधा के लिए उद्यमियों को सेक्युरीटी नहीं देनी पड़ती है। यह स्टार्ट–अप्स, एसएमई, एमएसएमई को ऋण सुविधा के रूप में आर्थिक सहयोग देने के साथ–साथ पर्सनल लोन और महिला उद्यमियों को भी ऋण सुविधा देती है। इससे 3 लाख रु. तक अनसिक्योर्ड लोन और 10 लाख रु. तक सिक्योर्ड लोन लेना बहुत आसान है। रोजगार खड़ा करने के लिए 50,000रु. का ऋण दिया जाता है।

ऋण लेने के इच्छुक व्यक्ति www.cashsuvidha.com पर अपने डॉक्युमेंट अपलोड कर 24/7, साल के 365 दिन, देश में कभी भी, कभी भी आवेदन कर सकते हैं।

दिलचस्प यह जानना है कि इस प्रक्रिया में आपको बस आवेदन करना है और उद्यमियों को 72 घंटों' के अंदर ऋण की राशि मिल जाती है।

कैश सुविधा के फाउंडर राजेश गुप्ता ने कहा, ''देश की अर्थव्यवस्था में अति लघु, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), स्टार्ट–अप्स, एसएमई का बड़ा योगदान है। फिर भी उनकी गिनती बड़े बैंकों और वित्तीय संस्थनों के ग्राहकों में नहीं होती जिसके कई कारण हैं जैसे कि पहचान के डॉक्युमेंट्स देने की अक्षमता, कोलैटरल का अभाव, पहले कोई ऋण लेने का रिकॉर्ड नहीं होना आदि। उद्यमी इन शर्तों को पूरा कर भी दें तो बड़े वित्तीय संस्थानों को छोटी राशि के इन ऋणों में कोई फायदा नहीं नजर आता है। इसलिए हम ने ऐसे उद्यमियों के विशाल बाजार पर पकड़ बनाने का निर्णय लिया और एक सॉल्यूशन दिया।''

वर्तमान में कैशसुविधा ऑथेंटिकेशन और क्रेडिट असेसमेंट के लिए तकनीकी का लाभ लेती है। ऋण देने का हमारा यह प्लैटफॉर्म ऑनलाइन ऑटोमेटेड स्कोरिंग और लेंडिंग पोर्टल में बदल रहा है। कैश सुविधा के लिए लोगों के पिछले डिजिटल एक्टिवीटी के साथ–साथ सोशल मीडिया फुटप्रिंट की निगरानी रखी जाती है और इसके आधार पर क्रेडिट असेसमेंट किया जाता है। इससे सभी के लिए डिजिटल ऋण लेने की सुविधा बढ़ रही है। सारे डॉक्युमेंट मिलने के 72 घंटों के अंदर ऋण दिए जा रहे हैं।

कैश सुविधा का परिचय

कैश सुविधा उषा फाइनैंशियल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड का व्यापारिक नाम (ट्रेड नाम) है। भारत में तेजी से उभरते इस फिनटेक प्लैटफॉर्म का मकसद कारोबारी ऋण और पर्सनल लोन की जरूरत को डॉक्युमेंट्स मिलने के 72 घंटों के अंदर पूरा करना है। कम्पनी के ऋण आधारित 5 प्रकार के प्रोडक्ट हैं जिनमें मुख्यतः कारोबारी ऋण एवं पर्सनल लोन के साथ–साथ केवल महिलाओं के लिए विशेष सेवाओं की पूरी शृंखला है। कैश सुविधा से लोगों को नियत समय के अंदर ऋण मिलने की वजह से यह छोटे और मझोले कारोबारियों की पहली पसंद बनेगी। ऋण देने की स्पष्ट नीति के साथ कैश सुविधा की ब्याज दर भी उद्योग में सबसे आकर्षक है। अधिक जानकारी के लिए देखें : www.cashsuvidha.com